पत्रि।१०२

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।

कार्यवाही विवरण

विश्वविद्यालय के आयोजना मंडल की 13 वीं बैठक दिनांक 14.02..11 को दोपहर 12.30 क्षेत्रीय केन्द्र, जयपुर पर आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:-

1.	प्रो0 नरेश दाधीच कुलपति, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा	अध्यक्ष
2.	प्रो0 पी0 सी0 व्यास पूर्व अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,अजमेर।	सदस्य
3.	श्री के0 के0 कौल कार्यकारी निदेशक श्रीराम फर्टिलाइजन एण्ड कैमिकल्स लिमि0 कोटा।	सदस्य
4.	प्रो0 एम0 के0 घड़ोलिया आचार्य, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।	सदस्य
5.	डा0 श्रीमती कमलेशशर्मा निदेशक,योजना एवं विकास विभाग वर्धमान माहवीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा	सदस्या
6.	श्री आर0 जी0 मीणा कुलसचिव वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।	सदस्य सचिव

आवश्यक गणापूर्ति के बाद बैठक हेतु सदन के पटल पर प्रस्तुत कार्यसूची विवरण पर में बिंदुवार चर्चा प्रारंभ करवाने के सम्बन्ध में माननीय कुलपति महोदय के निर्देशों के कम में बिंदुवार चर्चा प्रारंभ करने से पूर्व माननीय सदस्यों द्वारा पूर्व बैठक के निर्णयों के अनुपालना प्रतिवेदन की जानकारी चाही गई, उक्त जानकारी के कम में सदन को अवगत करवाया गया कि पूर्व बैठक (बारहवीं बैठक) दिनांक 24 जनवरी 2011 को आयोजित की गई थी,जिसका कार्यवाही विवरण सदस्यगणों को दिनांक 03 फरवरी 2011 को प्रेषित कर कार्यवाही विवरण के सम्बन्ध में दस दिवस में टिप्पणी चाही गई थी, उक्त अवधि के बाद ही सम्बन्धित विभागों को निर्णयों की कियान्वती हेतु लिखा जाता है, यह समस्त कार्यवाही पूर्ण होने से पूर्व ही वर्तमान बैठक आयोजित किये जाने के कारण पूर्व बैठक का

लगातार——2

अनुपालना प्रतिवेदन वर्तमान बैठक में प्रस्तुत नहीं किया जा सका है, दोनों बैठकों के निर्णयों की अनुपालना आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के सदस्य सचिव के आश्वासन के बाद कार्यसूची विवरण में उल्लेखित बिंदुओं पर चर्चा प्रारंभ करते हुए निम्नलिखित निर्णय किये गये:–

13/01 छात्र संख्या में वृद्वि को ध्यान में रखते हुए आगामी दस वर्षो की आवश्यकताओं के आधार पर विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के स्ट्रक्चर के अनुमोदन का
प्रस्ताव।

कार्यसूची विवरण के साथ संलग्न स्ट्रक्चर का अवलोकन करते हुए आयोजना मंडल द्वारा उक्त स्ट्रक्चर में कुछ संशोधनों की आवश्यकता बताई गई, सदन में विचार विमर्श के दौरान आये समस्त सुझावों को कार्यसूची विवरण के साथ प्रस्तुत प्रस्ताव में सम्मिलित करने का निर्णय किया गया, सदन के निर्णय के अनुसार आवश्यक संशोधन हेतु माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रो0 एम0 के0 घड़ोलिया को निर्देशित किया गया।

13/02 विश्वविद्यालय शिक्षकों के कार्यभार का निर्धारण ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शिक्षकों के लिए निर्धारित ए0पी0आई स्कीम के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय शिक्षकों के कार्यभार आदि निर्धारण का अध्ययन कर सुझाव देने के सम्बन्ध में माननीय कुलपति महोदय की ओर से गठित समिति की संलग्न अनुशंसाओं का अनुमोदन किया गया।

कुलसचिव
एवं सदस्य सचिव
आयोजना मंडल